बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1
(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ
सत्यमेव जयते

पत्रांक– 62 दिनांक 12/12/06

सेवा में,
माननीय मुख्यमंत्री,
बिहार, पटना ।

विषयः बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग संरचना को तहस–नहस करने एवं ''संघ'' के पदाधिकारियों को पदस्थापन की प्रतीक्षा में रखने के विरूद्ध संघ का विरोध ।

महाशय,

आप अवगत होंगे कि प्रशासनिक सेवा संवर्ग के अनुमंडल दण्डाधिकारी श्रेणी के 5 पदाधिकारियो को 10 महीने तक पदस्थापन की प्रतीक्षा में विना वेतन के परिवहन विभाग में रखा गया ।

2. कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के पत्रांक 12396, दिनांक 6.12.2006 के द्वारा बिना सम्वर्ग नियमावली में नियमानुसार संशोधन किये संयुक्त सचिव श्रेणी के उप विकास आयुक्तों की सेवाएँ कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा वापस लेते हुए लाईन हाजिर किया गया ।

3. ग्रामीण विकास अभिकरण में कार्यरत 76 अपर समाहर्त्ता श्रेणी के (निदेशक, लेखा एवं प्रशासन/ निदेशक राष्ट्रीय नियोजन) के पद पर कार्यरत पदाधिकारियों को कार्मिक विभाग में लाईन हाजिर करने की प्रक्रिया चल रही है ।

4. संयुक्त सचिव/ अपर जिला दण्डाधिकारी श्रेणी के पदाधिकारियों को अवक्रमित पद पर पदस्थापित करने हेतु प्रयास जारी है ।

5. बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग नियमावली–1996 के नियम 4(2) के तहत प्रदत् शक्तियों के अनुसार कार्मिक विभाग के माध्यम से सरकार द्वारा विभिन्न स्तर के पदाधिकारियों के लिये पदों को चिन्हित किया गया, परन्तु संवर्ग नियमावली के प्रावधानों को दर–किनार करते हुये सरकार इस सेवा के पदाधिकारियों को पदस्थापित कर रही है, अथवा पदस्थापन की कारवाई कर रही है ।

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ
सत्यमेव जयते

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक–   दिनांक..........................

6. क्षेत्र में पदस्थापित इस सेवा के सैकड़ो पदाधिकारियों की सेवाएँ वापस लेते हुये लाईन हाजिर किया जा रहा है और इन्हें गैर चिन्हित पद पर पदस्थापित करने की प्रक्रिया अन्तिम चरण में है ।

7. इस सेवा में पदाधिकारियों को 15 से 18 वर्षो तक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी के रूप में रख कर कार्मिक विभाग से पूर्व निर्गत परिपत्रों का खुल्म–खुल्ला उल्लंघन किया जा रहा है तथा उन्हें तरह–तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है । संयुक्त सचिव/ अपर जिला दण्डाधिकारी श्रेणी के लाईन हाजिर पदाधिकारियों को अगर अवक्रमित पदों (Down Graded Post) पर पदस्थापित किया जाता है तो संघ के लिए असह्य हो जायेगा ।

8. हाल ही में राज्य निगरानी के दस्ते के द्वारा श्री कृष्ण मुरारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गढ़पुरा (बेगुसराय) को घुसखोरी की घटना में फँसाने का घृणित प्रयास किया गया तथा जब वे निर्दोष पाये गये तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें जान से मारने की धमकी तक दी गई । संघ का एक जॉच दल अध्यक्ष/महासचिव की अध्यक्षता में बेगुसराय जाकर घटना की जॉच की और इसे सही पाया ।

<u>अतः संघ यह मॉग करता है कि इस घटना में शामिल पाये जाने वाले दोषी निगरानी दस्ते के पदाधिकारियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाय और पूरे घटना क्रम की न्यायिक जॉच करायी जाय ।</u>

अंत में "संघ" आपसे सादर अनुरोध करता है कि बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग के संवर्ग संरचना को टूटने से बचाया जाय एवं संघ के पदाधिकारियों पर हो रहे अन्याय के लिये दोषी पदाधिकारियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाय । अगर संघ की इन मॉगों पर तत्काल विचार नहीं किया गया तो स्थिति बदतर हो जायेगी और इसके लिये संघ दोषी नहीं होगा ।

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–1

(पंजीयन–633/2003)

अध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
☎ : 2224282(O), 2353207(R)

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
☎ : 2205421(R), 9835253822(M)

उपाध्यक्ष
भगलू रजक
सोहैब अहमद
संयुक्त सचिव
केशव कुमार सिंह
केशव रंजन प्रसाद
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता
☎ : 2232755(O), 2262597(R)

पत्रांक– 62 दिनांक..............................

ज्ञापांक – 62 पटना, दिनांक 12/12/06

प्रतिलिपि – मुख्य सचिव/ सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग को सूचनार्थ प्रेषित ।

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव

ज्ञापांक – 62 पटना, दिनांक 12/12/06

प्रतिलिपि – सभी जिला अध्यक्ष/ सचिव को सूचनार्थ प्रेषित ।

(विपिन कुमार सिन्हा)
महासचिव

प्रतिलिपि – निदेशक, दूरदर्शन एवं आकाशवाणी को सूचनार्थ एवं प्रसारणार्थ प्रेषित ।
प्रतिलिपि – सभी दैनिक पत्रों के सम्पादक को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ प्रेषित ।
प्रतिलिपि – यू0एन0ई0/पी0टी0आई0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(विपिन कुमार सिन्हा)

पदस्थापित करने हेतु प्रयास जारी है ।

5. बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग नियमावली–1996 के नियम 4(2) के तहत प्रदत् शक्तियों के अनुसार कार्मिक विभाग के माध्यम से सरकार द्वारा विभिन्न स्तर के पदाधिकारियों के लिये पदों को चिन्हित किया गया, परन्तु संवर्ग नियमावली के प्रावधानों को दर–किनार करते हुये सरकार इस सेवा के पदाधिकारियों को पदस्थापित कर रही है, अथवा पदस्थापन की कारवाई कर रही है ।